भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या652**

दिनांक 29.04.2015/09 वैशाख, 1937 (शक) को उत्तर के लिए

**भारत में पुलिस-आबादी अनुपात का काम होना**

**652 श्रीमती वंदना चव्हाणः**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ग्रामीण और शहरी भारत में आबादी की तुलना में पुलिस का अनुपात क्या है;
(ख) भारत के विभिन्न शहरों में आबादी की तुलना में पुलिस का अनुपात क्या है;
(ग) क्या विश्व के सभ्य राष्ट्रों की तुलना में यह अनुपात बहुत ही कम है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या सरकार ने भारत में पुलिस-समुदाय अनुपात में सुधार लाने के लिए कोई कदम उठाया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ड़) सामुदायिक पुलिस व्यवस्था, अपराध की रोकथाम संबंधी कार्यक्रम, पुलिस के लिए अनुसंधान और प्रशिक्षण, पुलिस बलों का व्यवसायीकरण, निगरानी और जांच में प्रौद्योगिकी उन्नयन आदि को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए है; और
(च) पिछले तीन वर्षो के दौरान इन मदों के अंतर्गत कितनी धनराशि आबंटित की गई और उसकी प्रतिशतता क्या रही है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री हरिभाई परथीभाई चौधरी)**

**(क): पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बी पी आर एण्ड डी) द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, प्रति लाख आबादी पर सिविल पुलिस की राज्यवार संख्या और प्रति लाख आबादी पर पुलिस की कुल संख्या अनुलग्नक-I में दी गई है।**

**(ख) और (ग): बीपीआरएण्डडी द्वारा उक्त प्रश्न से संबंधित किसी प्रकार आंकड़े नहीं रखे जाते हैं।**

**(घ) से (च): संविधान की सातवीं अनुसूची में "पुलिस" राज्य का विषय होने के कारण, राज्य सरकारों को विभिन्न पुलिस सुधारों और कल्याणकारी उपायों को कार्यान्वित करना होता है। पुलिस सुधार संबंधी उपायों को गृह मंत्रालय द्वारा पुलिस बलों के आधुनिकीकरण (एमपीएफ) की योजना के तहत राज्य सरकारों को जारी अनुदान सहायता के माध्यम से संपूरित भी किया जाता है। योजना के तहत संपूरित राज्य पुलिस संबंधी पुलिस अवंसरचना की प्रमुख मदों में गतिशीलता, आधुनिक हथियार, प्रशिक्षण अवसंरचना संबंधी अवसंरचनाये सुवीधाये , विधि विज्ञान उपकरण, सुरक्षा उपकरण, यातायात उपकरण, निचले स्तर के पुलिस कार्मिकों के लिए आवासीय भवन का निर्माण इत्यादि शामिल हैं।**

--2/-

एमपीएफ स्कीम (योजनेतर) के तहत, ये निधियां, गतिशीलता, हथियारों, प्रशिक्षण संबंधी उपकरण, कम्प्यूटरीकरण, विधि विज्ञान एवं महानगरीय पुलिस व्यवस्था (एमसीपी) के लिए मुहैयार करायी जाती हैं। निगरानी कार्यों में प्रौद्योगिकीय उन्नयन हेतु पृथक से निधियां जारी नहीं की जाती हैं। योजना के तहत खरीदे जाने वाले उपकरण राज्य सरकारों की प्राथमिकता पर निर्भर करते हैं।

*****

अनुलग्नक-I

**<u>रा.सभा अता. प्रश्न सं. 652</u>**

दिनांक 1.4.20014 की स्थिति के अनुसार राज्य-वार और संघ राज्य-क्षेत्र-वार स्वीकृत और वास्तविक पुलिस जनसंख्या और क्षेत्र अनुपात

| | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | प्रति लाख जनसंख्या के अनुसार सिविल पुलिस | | प्रति लाख जनसंख्या के अनुसार कुल पुलिस | | प्रति 100 वर्ग किमी क्षेत्र पर अनुसार सिविल पुलिस | | प्रति 100 वर्ग किमी. क्षेत्र पर अनुसार कुल पुलिस | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वीकृत | वास्तविक | स्वीकृत | वास्तविक | स्वीकृत | वास्तविक | स्वीकृत | वास्तविक |
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 124.31 | 103.61 | 149.53 | 123.05 | 39.17 | 32.64 | 47.11 | 38.77 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 637.09 | 559.86 | 998.75 | 880.05 | 9.72 | 8.54 | 15.24 | 13.43 |
| 3 | असम | 108.54 | 88.35 | 204.14 | 174.49 | 43.64 | 35.53 | 82.09 | 70.16 |
| 4 | बिहार | 84.49 | 54.75 | 103.32 | 68.11 | 90.66 | 58.74 | 110.86 | 73.08 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 187.84 | 146.51 | 270.20 | 217.90 | 34.88 | 27.20 | 50.17 | 40.46 |
| 6 | गोवा | 280.67 | 248.66 | 374.83 | 311.95 | 143.98 | 127.55 | 192.27 | 160.02 |
| 7 | गुजरात | 157.28 | 90.06 | 191.56 | 121.30 | 48.96 | 28.04 | 59.63 | 37.76 |
| 8 | हरियाणा | 214.93 | 137.69 | 232.67 | 155.08 | 128.88 | 82.56 | 139.51 | 92.99 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 142.13 | 124.55 | 233.09 | 201.67 | 17.75 | 15.56 | 29.11 | 25.19 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 414.14 | 388.98 | 647.74 | 596.86 | 49.41 | 46.41 | 77.28 | 71.21 |
| 11 | झारखंड | 171.82 | 128.88 | 226.18 | 173.19 | 70.24 | 52.69 | 92.46 | 70.80 |
| 12 | कर्नाचक | 154.93 | 105.39 | 175.13 | 118.10 | 49.26 | 33.51 | 55.68 | 37.55 |
| 13 | केरल | 116.53 | 109.66 | 147.00 | 135.86 | 105.46 | 99.24 | 133.03 | 122.95 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 101.82 | 84.64 | 135.24 | 115.69 | 24.82 | 20.64 | 32.97 | 28.21 |
| 15 | महाराष्ट्र | 142.81 | 134.00 | 158.55 | 146.98 | 54.11 | 50.77 | 60.07 | 55.69 |
| 16 | मणिपुर | 745.86 | 483.51 | 1271.15 | 984.23 | 84.28 | 54.64 | 143.64 | 111.22 |
| 17 | मेघालय | 277.41 | 220.30 | 492.11 | 424.19 | 33.39 | 26.52 | 59.24 | 51.06 |
| 18 | मिजोरम | 418.09 | 381.62 | 1089.46 | 956.96 | 20.51 | 18.72 | 53.44 | 46.94 |
| 19 | नागालैंड | 380.23 | 371.34 | 1048.08 | 1037.12 | 53.14 | 51.90 | 146.47 | 144.94 |
| 20 | ओडिशा | 84.13 | 74.06 | 140.22 | 123.38 | 22.51 | 19.81 | 37.51 | 33.01 |
| 21 | पंजाब | 214.20 | 201.18 | 281.38 | 259.62 | 121.02 | 113.67 | 158.98 | 146.68 |
| 22 | राजस्थान | 147.19 | 114.81 | 168.42 | 130.86 | 30.35 | 23.67 | 34.72 | 26.98 |
| 23 | सिक्किमे | 399.68 | 301.90 | 854.20 | 678.45 | 35.54 | 26.85 | 75.96 | 60.33 |
| 24 | तमिलनाडु | 176.50 | 147.76 | 198.07 | 162.70 | 92.96 | 77.83 | 104.32 | 85.69 |
| 25 | त्रिपुरा | 346.26 | 280.30 | 736.46 | 634.07 | 123.00 | 99.57 | 261.62 | 225.24 |
| 26 | उत्तर प्रदेस | 158.27 | 67.20 | 175.53 | 80.48 | 137.82 | 58.52 | 152.86 | 70.08 |
| 27 | उत्तराखंड | 155.79 | 137.24 | 204.46 | 176.47 | 30.02 | 26.45 | 39.32 | 34.01 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 100.54 | 71.17 | 120.21 | 86.77 | 103.76 | 73.45 | 124.06 | 89.55 |
| 29 | अं. और नि. द्वीपसमूह | 709.66 | 653.98 | 846.21 | 747.54 | 45.42 | 41.86 | 54.16 | 47.85 |
| 30 | चंडीगढ़ | 413.85 | 371.24 | 484.79 | 442.18 | 5895.61 | 5288.60 | 6906.14 | 6299.12 |
| 31 | दादरा और नगर हवेली | 82.83 | 65.91 | 82.83 | 65.91 | 66.80 | 53.16 | 66.80 | 53.16 |
| 32 | दमण और दीव | 140.67 | 124.33 | 140.67 | 124.33 | 376.79 | 333.04 | 376.79 | 333.04 |
| 33 | दिल्ली | 366.10 | 340.92 | 414.23 | 381.30 | 4901.28 | 4564.13 | 5545.65 | 5104.79 |
| 34 | लक्षद्वीप | 447.44 | 338.46 | 447.44 | 338.46 | 1090.63 | 825.00 | 1090.63 | 825.00 |
| 35 | पुदुचेरी | 205.55 | 179.74 | 254.90 | 202.77 | 663.75 | 580.42 | 823.13 | 654.79 |
| कुल अखिल भारत | | 149.15 | 109.35 | 185.25 | 139.76 | 58.07 | 42.57 | 72.12 | 54.41 |